2021

HINDI — GENERAL

Paper : GE/CC-4

(हिन्दी गद्य साहित्य)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. किन्हीं ***दस*** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'त्यागपत्र' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए। यह उपन्यास किस वर्ष में प्रकाशित हुआ?

(ख) 'नमक का दारोगा' कहानी के किन्हीं दो पात्रों के नाम लिखिए।

(ग) जयशंकर प्रसाद की किन्हीं दो कहानियों के नाम लिखिए।

(घ) गजाधर बाबू किस कहानी के पात्र हैं? कहानीकार का नाम लिखिए।

(ङ) यशपाल की कौन-सी कहानी आपके पाठ्यक्रम में है? उस कहानी के किसी एक पात्र का नाम लिखिए।

(च) हजारी प्रसाद द्विवेदी के किन्हीं दो निबंधों के नाम लिखिए।

(छ) 'लोभ और प्रीति' किस प्रकार का निबंध है? इसके लेखक का नाम लिखिए।

(ज) 'त्यागपत्र' के अतिरिक्त जैनेन्द्र के किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(झ) प्रेमचंद की किन्हीं दो प्रसिद्ध कहानियों के नाम लिखिए।

(ञ) 'आकाशदीप' कहानी की चंपा की दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

2. किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) उपन्यास कला के आधार पर 'त्यागपत्र' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'नमक का दारोगा' कहानी की मूल संवेदना पर विचार कीजिए।

(ग) आचार्य रामचंद्र शुक्ल की निबंध शैली की विशेषताएँ लिखिए।

(घ) 'परदा' कहानी के कथानक का विवेचन कीजिए।

(ङ) ''आकाशदीप'' कहानी की नायिका का चरित्र चित्रण कीजिए।

3. किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) जीना भी एक कला है। लेकिन कला ही नहीं, तपस्या है — लेखक का नाम लिखते हुए पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ख) ''मैं चिड़िया होना चाहती हूँ'' — पंक्ति की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(ग) 'नमक का दारोगा' कहानी के शीर्षक पर विचार कीजिए।

(घ) लोभ और प्रीति का अंतर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) गजाधर बाबू की पत्नी की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।